शीर्ष प्राथमिकता/समयबद्ध

संख्या- (1)3218/बयालिस-2013-40(बजट)/2013

प्रेषक,

अनिल कुमार,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
खेल,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

खेल अनुभाग **लखनऊ दिनांक 06 दिसम्बर, 2013**

विषय- **वर्तमान वित्तीय वर्ष 2013-14 में प्राविधानित बजट व्यवस्था के सापेक्ष वित्तीय स्वीकृति निर्गत करने के सम्बन्ध में।**

महादेय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि अभी तक बजट व्यवस्था के सापेक्ष सम्पूर्ण वित्तीय स्वीकृति निर्गत नहीं की जा सकी है। कतिपय प्रकरणों में अभी तक कार्यदायी संस्थाओं से उपयोगिता प्रमाण-पत्र उपलब्ध नहीं कराया गया है तथा कई प्रायोजनाओं में अन्य कारणों से वित्तीय स्वीकृति निर्गत किया जाना सम्भव नहीं है।

2- अतः अनुरोध है कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में प्राविधानित बजट व्यवस्था के अन्तर्गत ऐसी समस्त प्रायोजनाओं, जिनमें अभी वित्तीय स्वीकृति निर्गत की जानी अपेक्षित है, की अद्यतन स्थिति तालिका में प्रायोजनावार उपलब्ध कराने का कष्ट करें। यदि शासन को किसी प्रायोजना में वित्तीय स्वीकृति हेतु प्रस्ताव/उपयोगिता प्रमाण-पत्र भेजा गया हो और स्वीकृति अभी तक निर्गत नहीं हुई हो तो प्रेषित अभिलेखों की छायाप्रति भी पुनः अनुरोध के साथ शासन को 03 दिन के भीतर उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

3- उल्लेखनीय है कि वित्तीय वर्ष समाप्त होने में अब कुछ माह ही शेष है, अतएवं प्राथमिकता/समयबद्धता अपेक्षित है।

भवदीय,

(अनिल कुमार)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in